(b) As per the epidemiological studies conducted in some of the advanced countries by the United Nations Environment Programme; it has been found that the use of petrol with higher lead content increases the ambient air lead levels which in turn may result in increased levels of lead in human blood.

(c) While lead free petrol has been marketed in Japan since the seventies, it is gathered that until recently, leaded grades of petrol were also permitted to be marketed.

(d) Low lead petrol is already being supplied in several parts of the country. Projects involving installation of plants and facilities in refineries for further reducing lead content are in different stages of implementation.

43.2 डिग्री सेन्टी ग्रेड की दर पर लाइट डीजल आयल (एल० डी० ओ०) भरना

1227. **श्री लक्ष्मीकांत आचार्य :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन आयल कार्पोरेशन (आई० ओ० सी०) टैंकरों में लाइट डीजल आयल (एल० डी० ओ०) 43.2 डिग्री सेन्टर ग्रेड की दर पर भरवाकर अपने ग्राहकों को 340 लीटर प्रति टैंकर का घाटा पहुंचा रहा था ;

(ख) यदि हां, तो क्या इंडियन आयल कार्पोरेशन द्वारा इस प्रकार अर्जित किए गए तीन करोड़ रुपए संबंधित ग्राहकों को वापस किये जाएंगे; और

(ग) इस सरकारी क्षेत्र के उपक्रम अर्थात् (इंडियन आयल कारपोरेशन) के उन अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जाएगी जो इस प्रकार की धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) तापमान के समय एल० डी० ओ० का तापमान आसपास के तापमान से अधिक हो सकता है। उपभोक्ताओं को इस अंतर के प्रति प्रतिपूर्ति करने हेतु सरकार ने 25-9-1992 से एल० डी० ओ० पर "तापमान परिवर्तन भत्ता" की अनुमति दे दी है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) की दृष्टि से प्रश्न नहीं उठता।

देश में प्राकृतिक गैस के भंडार

1228. **श्री वीरेन जे० शाह**

श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में उपलब्ध प्राकृतिक गैस के भंडारों का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो मार्च, 1992 के अन्त तक गैस भंडारों की कुल मात्र कितनी थी;

(ग) उक्त भंडारों में से प्रयुक्त की जा सकने वाली गैस भंडारों की मात्रा कितनी है;

(घ) क्या सच है कि देश की विभिन्न परियोजनाओं से प्राप्त होने वाली प्राकृतिक गैस का पूर्णत: उपयोग नहीं किया जा रहा है;

(ङ) यदि हां, तो वर्ष 1992 में कुल उत्पादित प्रयुक्त प्राकृतिक गैस में से कितने प्रतिशत गैस में से कितने प्रतिशत गैस का प्रयोग किया गया था; और

(च) प्रयुक्त की गई गैस का क्षेत्रवार और मात्रावार ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) लगभग 700 बिलियन घन मीटर।

(ग) यह अनुमान लगाया गया है कि ये भंडार लगभग 15 वर्षों की अवधि तक 80 एम० एम० एस० सी० एम० डी० से अधिक उत्पादन कायम रख सकेंगे।

(घ) और (ङ) वर्ष 1992-93 में लगभग 90% गैस का उपयोग किया गया था।

(च) वर्ष 1992-93 में गैस का क्षेत्रवार प्रयोग निम्नानुसार था:—

(एम० एम० एस० सी० एम० डी०)

क्षेत्र	आपूर्ति	अतिरिक्त प्रयोग
बी० आर० बी० सी०	29.57	4.55
डब्लू० आर० बी० सी०	3.94	0.76
ई० आर० बी० सी०	2.53	1.29
एस० आर० बी० सी०	1.39	1.01
एस० ई० बी० सी०	0.32	0.00
ओ० एन० जी० सी०	37.75	6.61

कच्चे तेल के उत्पादन हेतु ब्रिटिश प्रौद्योगिकी को आकृष्ट करना

1229. **श्री राम जेठमलानी**

श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :